प्रधानमंत्री जी के संकल्प से छात्रों को करवाया अवगत

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में "विकसित भारत @2047" के अन्तर्गत दीनदयाल उपाध्याय अध्ययन केंद्र और योग अध्ययन केंद्र द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प को देखते हुए शोधार्थियों और शिक्षार्थियों को उन पांच बिन्दुओं से अवगत करवाया, जिसमें सशक्त भारतीय, सम्पन्न और सतत आर्थिकी , नवाचार विज्ञान और प्राद्यौगिकी, सुशासन और सुरक्षा जैसे विषयों को डॉ. इन्द्रसिंह ठाकुर ने साझा किया। युवाओं को विकसित भारत @ 2047 के लिए कैसे कार्य के प्रति जोड़ा जाए उक्त विषय को पॉवर पॉइंट प्रस्तुति से समक्ष रखा।